दिनांक 23.02.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महतारी वंदन योजना का दावा आपत्ति सूची प्रकाशित

भिलाईनगर। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत भिलाई निगम क्षेत्र से लगभग 80 हजार महिलाओ ने योजना से लाभान्वित होने आवेदन जमा किया है। जिसका 23 फरवरी को दावा आपत्ति सूची का प्रकाशन भिलाई निगम के सभी जोन कार्यालय एवं 148 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किया गया है। हितग्राही तीन दिवस के भीतर अपने आवेदन के संदर्भ में सूची का अवलोकन कर अपना दावा आपत्ति पत्र नजदीक के आंगनबाड़ी केन्द्रो मे जमा कर सकते है।

निगम भिलाई क्षेत्र में योजना के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह एवं परियोजना अधिकारी शिल्पा तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया की भिलाई निगम क्षेत्र से कुल 80 हजार आवेदन महतारी वंदन योजना से लाभान्वित होने प्राप्त हुए है , जिसका आॅनलाईन प्रविष्टी किया गया है। दावा आपत्ति सूची का प्रकाशन 23 से 25 फरवरी तक नगर निगम के सभी जोन कार्यालय एवं निगम क्षेत्र के 148 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किया गया है। हितग्राही अपने निकट के आगंनबाड़ी केन्द्र में सूची का अवलोकन कर आंगनबाड़ी केन्द्रो में ही अपना दावा अथवा आपत्ति का आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। 1999 हितग्राहियो के बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है , जिसकी सूचना आंगनबाड़ी केन्द्रो के माध्यम से हितग्राहियो को दी जा रही है , ताकि हितग्राही समय पर अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करवा सके और निर्धारित तिथि पर शासन द्वारा भेजे जाने वाले राशि का लाभ प्राप्त कर सके।